-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मरका पुलिस टीम की मानवीय पहल के फलस्वरूप डेढ़ वर्ष से अपनों से बिछड़े मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के परिजनों से मिलाकर परिवार के चेहरे पर लौटाई मुस्कान।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मरका पुलिस टीम द्वारा लगभग ढेड़ वर्ष से गुम/भटके हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि कल दिनांक 10.11.2026 को कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमणशील थी इसी दौरान मानसिक रूप से अस्वस्थ एक व्यक्ति भटकता/भ्रमण करता हुआ मिला जो अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था। थाना मरका पुलिस द्वारा संवेदनशीलता के साथ उक्त व्यक्ति को अपने संरक्षण में लिया गया तथा काफी समय तक संवेदनशीलता व अपनत्व की भावना के साथ धैर्यपूर्वक पूछताछ की गई। थानाध्यक्ष श्री सूबेदार बिंद के नेतृत्व में पुलिस टीम के निरंतर प्रयासों एवं आत्मीयतापूर्ण संवाद के दौरान उक्त व्यक्ति ने असहजता के साथ सीमित शब्दों में अपनी समझ एवं स्मरणशक्ति के अनुसार अपना नाम मंजीत तथा पता बेनी माधव मंदिर दारागंज, प्रयागराज बताया। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से प्राप्त जानकारी के आधार पर तत्काल सक्रियता के साथ जनपद प्रयागराज के दारागंज स्थित बेनी माधव मंदिर एवं उसके आसपास के स्थानीय लोगों से संपर्क स्थापित कर उसके परिजनों की जानकारी प्राप्त की गई तथा उनसे संपर्क कर व्यक्ति का नाम बताते हुए उसकी फोटो मोबाइल के माध्यम से भेजकर पहचान कराई गई। फोटो देखकर परिजनों ने उसकी पहचान मंजीत शुक्ला के रूप में की तथा बताया कि वह विगत करीब डेढ़ वर्ष से लापता था और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। तत्पश्चात पुलिस द्वारा परिजनों को थाना मरका बुलाया गया तथा दिनांक 11.11.2026 को आवश्यक सत्यापन एवं नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मंजीत शुक्ला को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। लंबे समय से बिछड़े अपनो को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशियां लौट आई तथा उन्होंने थाना मरका पुलिस टीम के इस मानवीय एवं सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया।